भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2159
10 दिसम्बर, 2021 को उत्तर के लिए

सार्वजनिक उपयोग हेतु रक्षा भूमि का उपयोग

2159. श्री गोपाल शेट्टी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्यों के मुख्य सचिवों और स्थानीय निकायों को सार्वजनिक उपयोगिता और अवसंरचना परियोजनाओं के लिए रक्षा भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त उद्देश्य के लिए बृहन्मुंबई नगर निगम विशेष रूप से मुंबई महानगर को हस्तांतरित रक्षा भूमि का तिथि-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बृहन्मुंबई नगर निगम को हस्तांतरित रक्षा भूमि का उपयोग अब तक सार्वजनिक उपयोग के लिए किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो ऐसी रक्षा भूमि का ब्यौरा क्या है जिसका उपयोग नहीं किया गया है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) : जी, हां । रक्षा मंत्रालय ने सार्वजनिक अवसंरचना परियोजनाओं के लिए केन्द्र सरकार के विभागों, राज्य सरकारों और उनके नियंत्रणाधीन संगठनों के साथ-साथ स्थानीय निकायों को रक्षा भूमि के हस्तांतरण के लिए दिनांक 11.03.2015, 02.02.2016 तथा 21.10.2020 के पत्रों के तहत दिशा-निर्देश जारी किए हैं ।

(ख) और (ग) : सार्वजनिक अवसंरचना परियोजनाओं के लिए बृहन्मुंबई नगर निगम को हस्तांतरित रक्षा भूमि का तिथि-वार और स्थान-वार ब्यौरा अनुबंध पर दिया गया है । हस्तांतरित रक्षा भूमि के बारे में यह सूचना है कि उसका सार्वजनिक उपयोग किया जा रहा है ।

(घ) : उपर्युक्त भाग (ग) के उत्तर के दृष्टिगत कोई प्रश्न नहीं उठता ।

'सार्वजनिक उपयोग हेतु रक्षा भूमि का उपयोग ' के बारे में लोक सभा में दिनांक 10.12.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 2159 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

बृहन्मुंबई नगर निगम को हस्तातंरित रक्षा भूमि का ब्यौरा

क्र.सं.	**हस्तांतरित रक्षा भूमि का नाम**	**मांगकर्ता प्राधिकारी/ उद्देश्य**	**क्षेत्र (एकड़ में)**	**स्थान**	**हस्तांतरण की तारीख**
1	अफगान चर्च कोलाबा के नजदीक सीवरेज पंपिंग स्टेशन	एमसीजीएम/सीवरेज प्रणाली	0.256	सी.एस सं.4, कोलाबा अंतरीप, मुंबई	17.04.1958
2	नौसेना सिवलियन हाउसिंग कालोनी पवई का हिस्सा	एमसीजीएम/बीएमसी स्कूल हेतु	0.7413	एसवाई सं.47, पवई मुंबई	01.06.1966
3	अफगान चर्च कोलाबा के नजदीक सीवरेज पंपिंग स्टेशन	एमसीजीएम/सीवरेज प्रणाली	0.508	ब्लाक-VIII, कोलाबा, अंतरीप मुबंई	16.03.1970
4	नौसेना सिविलियन हाउसिंग कालोनी, पवई का हिस्सा	एमसीजीएम/फ्लाई ओवर के निर्माण हेतु	3.29	पवई, मुंबई	19.10.2006
5	कफे परेड स्थित रक्षा भूमि	एमसीजीएम/पानी पाइपलाइन बिछाने हेतु	0.064	कोलाबा, मुबंई	दिनांक 24.06.2019 को निष्पादित लाइसेंस डीड

*****